स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने सूचित किया है कि "चित्रा वाल्व" तैयार किया गया है, जो एक देशी हृदय वाल्व है, और इसे उस विभाग के अधीन श्री चित्रा तिरूनल संस्थान में विकसित किया गया है । यह सूचित किया गया है कि रोगियों में 90 ऐसे वाल्वों का प्रत्यारोपण किया गया है जिसके संतोषजनक परिणाम निकले हैं ।

(ग) वाणिज्यिक उत्पादन परिणामों की अच्छी तरह पुष्टि हो जाने के बाद ही शुरू किया जायेगा ।

Family Planning Programme

2711. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN: Will the Minis-ter of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state;

(a) whether Government's attention has been drawn to a recent study conducted by a United Nations Mission on India's family planning programme as reported in "Indian Express" of 13th February, 1993 under the caption "Apathy aborts birth control plan";

(b) whether it is also a fact that the study has revealed, serious doubts about the accuracy of Government's claim on the number of contraceptive users in the country and also the practice of giving nflated figures; and

(c) if so, what is Government's reaction in regard thereto?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir.

(b) It has been recommended that one •of more sample surveys be undertaken with the sample being drawn from list of names of women who are registered as having an intra-uterine device (IUD) inserted in the past 6—8 months.

(c) The State Governments have al ready been advised to conduct studies on continuation rate, of intra uterine devices and oral pills. The performance reported by the States in monitored and evaluated through field samples checks.

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों से नवजात शिशुओं का गायब होना या बदल जाना

2712. **श्री कामेश्वर पासवान** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नवजात शिशुओं के गायब होने की घटना बढ़ती जा रही हैं जिनमें सुचेता कृपलानी अस्पताल (लेडी हार्डिंग) और सफदरजंग अस्पताल प्रमुख हैं ;

(ख) क्या उक्त घटनाओं में कोई गिरोह अन्तग्रस्त हैं :

(ग) विगत दो वर्षों के दौरान सुचेता कृपलानी अस्पताल के प्रसूति वार्ड से नवजात शिशुओं को गायब करने का बदले जाने के मामलों की संख्या क्या है;

(घ) यदि हां, तो ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाये ;

(ङ) क्या अस्पतालों के कर्मचारियों और स्थानीय पुलिस की इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों से कोई मिली भगत हैं ; और

(च) क्या यह सच हैं कि 25 जनवरी, 1993 को सफदरजंग अस्पताल में एक ऐसी ही घटना हुई थी तथा एक समाचार पत्र के अनसार पिछले एक वर्ष के दौरान ऐसी तीन घटनाए हुई और यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।